प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
जालौन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक 1524 / एम–43 / 58 दिनांकः– 03.07.2026

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 11.06.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक " टंकी और पाइप लाइन तैयार, पानी का इंतजार" के माध्यम से प्राप्त समाचार की आख्या के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 11.06.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक **"टंकी और पाइप लाइन तैयार, पानी का इंतजार"** में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विकासखण्ड कोंच के भेड़ ग्राम में जलापूर्ति न होने के सम्बन्ध में खबर प्रकाशित हुई है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भेड़ ग्राम, नलकूप आधारित पेयजल योजना के अन्तर्गत सम्मिलित है, जिसमें कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0 बी0जी0सी0सी0प्रा0 लि0, नई दिल्ली द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत 01 नग नलकूप (क्षमता 300 LPM), 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय (क्षमता 125 के0एल0 / 14 मी0 स्टेजिंग), 01 नग स्टॉफ क्वार्टर, 30 मीटर राइजिंग मेन, 01 नग पम्पिंग प्लान्ट (7.5 एच0पी0) के कार्य एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष नलकूप अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण जा चुका है। पम्प हाउस एवं स्टॉफ क्वार्टर निर्माण का कार्य 70 प्रतिशत किया जा चुका है तथा अवर जलाशय का कार्य 50 प्रतिशत है एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों को मोटरेबल कर दिया गया है। ग्राम के सभी घरों में दिनांक 30.09.2026 पेयजल उपलब्ध कराया जाना लक्षित है।

खण्ड कार्यालय के सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को स्थलीय निरीक्षण कर कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तर्गत किये जाने हेतु नियमित अनुश्रवण किए जाने हेतु उक्त ग्रामों में नियमित जलापूर्ति किये जाने हेतु तथा उक्त का अनुपालन किये जाने हेतु कार्यकारी फर्म को निर्देशित किया जा रहा है।

भवदीय

(ए0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 व दिनांक–यथोपरि**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।

अधिशासी अभियन्ता



CamScanner